दिन–रविवार दिनांक– 26 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के बाद दूसरे चरण के लिए भी चुनाव प्रचार तेज हो गया है । महागठबंधन की ओर से आज राष्ट्रीय जनता दल नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और विकासशील इंसान पार्टी के अध्यक्ष मुकेश सहनी ने सीमांचल के क्षेत्र में चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की। कटिहार के आजमनगर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि उनकी सरकार बनती है तो वक्फ कानून को हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार के कार्यकाल में सीमांचल क्षेत्र का विकास नहीं हुआ है। भाजपा ने तेजस्वी यादव के इस बयान की कड़ी आलोचना की है। पार्टी नेता दानिश इकबाल ने कहा कि इससे राजद की सांप्रदायिक सोच का सच सामने आ गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजद और लालू प्रसाद मुस्लिम समाज का कल्याण नहीं चाहते हैं और केवल इस वर्ग को वोट बैंक की राजनीति के लिए इस्तेमाल करते हैं। जदयू, लोजपा रामविलास, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अलावा वाम दल, जन सुराज पार्टी और अन्य दलों के नेता और स्टार प्रचारक अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे हैं।

———————————————————————

राजद नेता तेजस्वी यादव ने पंचायत प्रतिनिधियों और पीडीएस डीलर सहित विभिन्न कार्यों में जुड़े लोगों के लिए बड़ी घोषणा की है। श्री यादव ने आज पटना में आयोजित प्रेस कॉफ्रेंस में कहा कि महागठबंधन की सरकार बनने पर पंचायत प्रतिनिधियों का मानदेय दोगुना किया जायेगा। इस समय लगभग दो लाख पच्चीस हजार पंचायत प्रतिनिधियों को पांच हजार से पच्चीस हजार रुपये मानदेय मिल रहा है। श्री यादव ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों को पेंशन देने के साथ उनका पचास लाख का बीमा भी किया जायेगा। राजद नेता ने पीडीएस डीलरों का मानदेय और कमीशन बढ़ाने का वादा किया। श्री यादव ने नाई, कुम्हार और लोहार समाज के लोगों को पांच साल मे पांच लाख रूपये की सहायता की भी घोषणा की है।

———————————————————————

जदयू ने पूर्व मंत्री शैलेश कुमार समेत ग्यारह पार्टी नेताओं को निष्कासित कर दिया है। इन नेताओं पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने और एनडीए के अधिकृत उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव में खड़े होने के कारण यह कार्रवाई की गयी है।

———————————————————————

निर्वाचन आयोग ने राज्य के सात लाख से अधिक दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों को उनके घर पर मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई है। आयोग के अनुसार ऐसे व्यक्तियों के घर पर मतदान दल छह से ग्यारह नवम्बर के बीच जाएगा और उन्हें मतदान करने की सुविधा देगा। इस मतदान दल में दो मतदान अधिकारी, एक माईक्रो आब्जर्वर, एक वीडियो ग्राफर और सुरक्षाकर्मी शामिल रहेंगे।

———————————————————————————

लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ के दूसरे दिन आज व्रती खरना का अनुष्ठान करेंगे। इसके बाद व्रतियों का छत्तीस घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो जाएगा। कल अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित किया जायेगा। मंगलवार को उगते हुये सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ महापर्व का समापन होगा। छठ को लेकर राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में माहौल भक्तिमय हो गया है। छठ गीतों से पूरा वातावरण गुंजायमान है।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि छठ का महापर्व संस्कृति, प्रकृति और समाज के बीच की गहरी एकता का प्रतीक है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज प्रधानमंत्री ने छठ पर सभी लोगों को विशेष रूप से बिहार, झारखंड और पूर्वांचल के लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि समाज का प्रत्येक वर्ग छठ घाटों पर एक साथ आकर भारत की सामाजिक एकता का सबसे सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करता है। श्री मोदी ने कहा कि पूरा देश उत्सव की भावना में डूबा हुआ है और श्रद्धा, स्नेह तथा परंपरा का संगम देखने को मिल रहा है। उन्होंने छठ के दौरान महिलाओं के व्रत रखने के समर्पण और निष्ठा को प्रेरणादायक बताया। प्रधानमंत्री ने वस्तु और सेवा कर–जीएसटी बचत उत्सव को लेकर लोगों में उत्साह पर खुशी व्यक्त की। त्यौहारों के मौसम में स्वदेशी वस्तुओं की जबरदस्त खरीदारी पर भी उन्होंने खुशी जताई।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।